कार्यक्रम | भारतीय संस्कृति सदैव विविधताओं को समाहित करने वाली रही है

# संघ समाज को जोड़ने वाला ,100 वर्षों का सशक्त अभियान : राम माधव




**नवभारत,जबलपुर ।** नर्मदा भाग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य जनगोष्ठी काआयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र के पूजन एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गायन केसाथ हुई, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो उठा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राम माधव ने अपनेउद्बोधन में कहा कि संघ विश्व का एकमात्र ऐसा संगठन है जो निरंतर 100 वर्षों से अधिक समय से सक्रिय है ।उन्होंने इसे '100 वर्ष का युवा संगठन' बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कभी अपने विचार समाजपर थोपने का प्रयास नहीं किया, बल्कि सनातन परंपरा से प्राप्त मूल्यों को आत्मसात कर व्यक्ति निर्माण औरसमाज जागरण का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति सदैव विविधताओं को समाहित करने वाली रही है। मुगल आक्रमण के काल मेंभक्ति आंदोलन के माध्यम से समाज में एकता का भाव मजबूत हुआ। इसके बाद स्वामी दयानन्द सरस्वती औरस्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुषों ने सांस्कृतिक जागरण का कार्य किया। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुएआधुनिक युग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सामाजिक और राष्ट्रीय पुनर्जागरण का कार्य कर रहा है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. प्रोफेसर विनीता कौर सलूजा, भाग संघचालक दुर्गा प्रसाद ग्यारसिया, प्रांतसंघचालक डॉ. प्रदीप दुबे, प्रांत संपर्क प्रमुख हरिश्चंद्र, प्रांत प्रचार प्रमुख विनोद दिनेश्वर, सह विभाग कार्यवाहअखिलेंद्र सिंह परिहार, विभाग प्रचारक आनंद सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता है प्रमुख लक्ष्य

बताया गया कि वर्ष 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा संघ की स्थापना राष्ट्रवाद के जागरण औरसांस्कृतिक उत्थान के उद्देश्य से की गई थी। संघ ने विभिन्न कालखंडों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान योगदान के चलते 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में स्वयंसेवकों को आमंत्रित कियाजाना उल्लेखनीय है। आपातकाल के समय लोकतंत्र की रक्षा के लिए आंदोलन तथा राम मंदिर निर्माण जैसेअभियानों का भी उन्होंने उल्लेख किया अपने संबोधन में उन्होंने 'पंच परिवर्तन' के पांच प्रमुख आयामों पर भीप्रकाश डाला—कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य। उन्होंनेकहा कि इन विषयों को समाज के बीच ले जाकर जागरूकता उत्पन्न करना आज संघ का प्रमुख लक्ष्य है।



# सांसारी 'उन्नीस' तो ज्ञानी रहता है 'बीस'

**नवभारत,जबलपुर ।** सांसारी संसार में रह कर कितना भी पुरुषार्थ कर ले, पर ज्ञानी के सामने वह 'उन्नीस' ही रहताहै, इससे उलट ज्ञान अभाव में जीकर भी सांसारी के सामने हर मामले में 'बीस' साबित होता है। राजयोग एक ऐसाज्ञान है जो संसार में रहते हुए भी हमें सांसारी भाव से मुक्त रखते हुए आम सांसारियों की तुलना 'बीस' बना देता है ।इस आशय के उद् ?गार ब्रम्हाकुमारी भावना बहन ने सोमवार सुबह शिव स्मृति भवन भंवरताल में महाकोशल के आठजिलों से आई वरिष्ठ ब्रम्हाकुमारियों को संबाधित करते हुए कहीं भावना बहन ने कहा कि राजयोग का वर्णन सत्यगीता ज्ञान है। जो हमें जीवन को गीत की तरह गुनगुनाना सिखाता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल एकग्रंथ नहीं, बल्कि आध्यात्म का गहन गूढ़ सार है। गीता का सार आत्म-ज्ञान, कर्मयोग और ईश्वर से संबंध की सच्चीअनुभूति है, जिसे आज की जीवनशैली में अपनाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने आध्यात्म के वास्तविकअर्थ पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मुख्य विषयवस्तु 'मैं कौन हूँ' पर अपनी बात केंद्रित रखी। उन्होंने कहा किइस प्रश्न का उत्तर तलाशना ही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए।

### मनाया खुशी दिवस

इस मौके पर पूरे महाकोशल की बहनों ने अलौकिक खुशी दिवस मनाया। बीके वर्षा बहन ने कहा कि आज कादिन दीदी का ज्ञान उपलब्धि दिवस है। हम इसे दीदी के जन्मदिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने कहा किआध्यात्मिक जीवन मौजों का जीवन है। इस जीवन में भोजन का कण और आनंद का क्षण परमात्मा का प्रसादहोता है, जो स्वमेव हमें प्राप्त होता है। बहनों ने गीत-नृत्य के माध्यम से बहन जी के प्रति अपनी भावनाओं काइजहार किया। भावना बहन ने आत्मा और शरीर के भेद, आत्मा की शाश्वतता और परमात्मा से संबंध पर सरलऔर प्रभावशाली ढंग से प्रकाश डाला गया। संचालन संतोष भाई ने किया।

## एक नजर में

### 12वीं में प्रगति का शानदार प्रदर्शन, 85 प्रतिशत अंक किए हासिल



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर की छात्रा प्रगति तिवारी ने माध्यमिक शिक्षा मंडल 12वीं बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की है। प्रगति ने अपनी मेहनत और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। अपनी सफलता का श्रेय सेल्फ स्टडी और नियमित पढ़ाई को दिया। उन्होंने बताया कि 12वीं कक्षा के पहले दिन से ही उन्होंने एक व्यवस्थित टाइम टेबल बनाकर हर विषय की निरंतर पढ़ाई शुरू कर दी थी। प्रगति के पिता प्रमोद तिवारी प्राइवेट कर्मचारी हैं, जबकि उनकी माता का नाम प्राची है। परिवार ने इस उपलब्धि पर गर्व जताया है।

### दिव्यांशा सोनकर ने किया नाम रोशन



**नवभारत,जबलपुर ।** कस्तूर चंद हितकारिणी चिल्ड्रन्स एकेडमी की छात्रा दिव्यांशा सोनकर ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 90.4% अंकहासिल कर अपने माता-पिता एवं शिक्षकों का नाम रोशन किया। दिव्यांशा सोनकर, पिता दीपक सोनकर एवंमाता सुनीता सोनकर की पुत्री हैं इन्होंने अपनी मेहनत से अपने विद्यालय, माता-पिता तथा शिक्षकों का नाम रौशनकिया। परिवार एवं विद्यालय में इनको इस सफलता पर खुशी जताई और उज्ञल भविष्य की कामना की।

### सलीम कुरैशी महामंत्री नियुक्त



**नवभारत,जबलपुर ।** जीतू पटवारी प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशंसा एवं अखिल भारतीयकांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगड़ी के आदेश से मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग केप्रभारी जनाब निजामुउददी कुरैशी, प्रभारी मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की सहमति से सलीमकुरैशी को म.प्र. कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग में जबलपुर शहर का महामंत्री पद पर नियुक्त किया गया।

### ऐतिहासिक होगा राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव

**नवभारत,जबलपुर ।** छोटा फुहारा स्थित सार्वजनिक शिव मंदिर, सूजी मोहल्ला में श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठामहोत्सव का चार दिवसीय भव्य आयोजन 21 अप्रैल से 24 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। आयोजन केप्रथम दिवस 21 अप्रैल को दोपहर 3 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर बड़ाफुहारा क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं एवंयुवा पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर भक्ति का वातावरण निर्मित करेंगे। आयोजन के दूसरे दिन 22 अप्रैल कोवैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी। 23 अप्रैल को सायं 7 बजे महा आरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं की व्यापक सहभागिता अपेक्षित है। समापनदिवस 24 अप्रैल को प्रसाद वितरण एवं समापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्षप्रवीण साहू ने बताया कि पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति, श्रद्धा एवं उत्साह का विशेष वातावरण रहेगा। उन्होंने क्षेत्रके श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस धार्मिक आयोजन का पुण्य लाभ प्राप्त करने कीअपील की है।



### सामूहिक सामाजिक विवाह सम्मेलन आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** अक्षय तृतिया (अक्ती) के दिन सोमवार को सामूहिक सामाजिक विवाह एवं परिचय सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जबलपुर संभागीय कुशवाहा समाज, जबलपुर के मुख्यालय 'कुशवाहा धाम' श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर महान सम्राट अशोक चौक गौरीघाट में संस्था द्वारा इस वर्ष भी सामूहिक सामाजिक विवाह एवं परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कई जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

# परशुराम सेना ने निकाली वाहन शौर्य शोभायात्रा




**नवभारत,जबलपुर ।** भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र का जन्म अक्षय तृतीया को हुआ था। वे भगवान शिव के परम भक्त थे, जिन्होंने शिव से प्राप्त परशु (फरसा) धारण कर अधर्मियों का संहार किया। वे आठ चिरंजीवियों में से एक हैं। परशुराम सेना ने शौर्य शोभायात्रा श्री गुप्तेश्वर मानसमंदिर शक्ति नगर से निकाली गई। शोभायात्रा भोलेबाबा हनुमान मंदिर, शारदा मंदिर मदन महल, गुप्तेश्वर महादेवमंदिर, खेरमाई मंदिर कृपाल चौक भ्रमण कर श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में समापन हुआ। परशुराम सेना के प्रदेशसंयोजक मुकेश चतुर्वेदी ने बताया कि शोभायात्रा श्रृद्धा भक्ति भाव, हर्षोल्लास के साथ दो पहिए वाहनों से निकाली गई। शोभायात्रा में रामावतार द्विवेदी, मुकेश चतुर्वेदी, संतोष दुबे, अशोक कुमार शर्मा, विजय तिवारी शिबू, हनुमान मिश्रा, नारायण भिंडे, राजकुमार गौतम, ध्रुव कुमार दुबे, डॉ राजेश तिवारी, प्रमोद द्विवेदी, विजय शंकर मिश्रा, आशीष तिवारी, आशीष बुधौलिया, प्रमेन्द्र गौतम, सुशील चौबे, रामेश्वर चौबे, लखन मिश्रा, रविन्द्र अवस्थी, अजय ताम्रकार, शंभू सिंह, अशोक सोनी, राम प्रसाद गुप्ता, अरविंद कपूर, नारायण सोनी, विजय चौधरी, ओपी दुबे, संजय पोल, अनील कुमार सिंह, संजू डेलन, संजीव सिंह लाली आदि मौजूद रहे।

# ऋषभ राजपूत का सुयश



**नवभारत,जबलपुर ।** मेधावी छात्र ऋषभ राजपूत ने मध्यप्रदेश बोर्ड (2025-26) द्वारा आयोजित 10 वीं हाई स्कूलपरिक्षा में 500 में से 444 अंक प्रतिशत् में (88.8:) अंक प्राप्त कर सभी 6 विषयों हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान में डिस्टिंकशन प्राप्त किए। इस अवसर पर ऋषभ राजपूत ने बताया कि वहनिर्मला इंग्लिश मिडियम स्कूल कांचघर के नियमित छात्र है, स्कूल में पढ़ाई करने के अलावा वह घर पर नियमित 8 से 10 घंटे की पढ़ाई करते थे, मोबाईल का उपयोग सिर्फ पढ़ाई करने के लिए करते थे, अपनी सफलता काश्रेय ऋषभ राजपूत ने अपनी माता मनीषा राजपूत पिता भूपेन्द्र कुमार राजपूत व निर्मला चर्च स्कूल कॉंचघर के सभीसम्मानीय शिक्षकों को दिया, एवं आगे भी ऐसे ही उच्च अंक प्राप्त कर उच्च शिक्षा प्राप्त करने की बात की व अपने माता पिता समाज एवं देश का नाम रौशन करने का संकल्प लिया, इस अवसर पर पृथ्वीराज चैद्यहान फाऊन्डेशन जबलपुर के वरिष्ठ समाज सेवी विजय कांडा, कमला चौहान, अजय पाण्डेय, सरला राजपूत, ठा. दीपक सिंहराजपूत, अनुराधा राजपूत, नीतू ठाकुर, आरती जायसवाल, रूपलाल यादव, राजेन्द्र चैद्यधरी, अनुज सिंह ठाकुर, संजय कुमार ठाकुर, पिंकी ठाकुर, धीरज सिंह ठाकुर, मनीषा राजपूत, भूपेन्द्र सिंह राजपूत सहित अन्य लोगों ने ऋषभ को बधाई दी।



### परमहंस मां ललिता फाउंडेशन द्वारा 30वां सवत्सा गौदान

**नवभारत,जबलपुर ।** परमहंस मां ललिता देवी द्वारा अक्षय तृतीया पर निरंतर सवत्सा गौदान की अक्षय परंपरा कानिर्वहन करते हुए फाउंडेशन ने 30 वाँ सवत्सा गौदान किया गया जानकीनगर जगदम्बा कालोनी स्थित शिवशक्तिमंदिर में परमहंस माँ ललितादेवी द्वारा स्थापित भगवान श्रीराम दरबार का 18 वाँ स्थापना दिवस एवं भगवानपरशुराम प्राकट्योत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया भक्तों पूजन-अर्चन, सुन्दर काण्ड का पाठ कर प्रसाद वितरणकिया गया इस अवसर पर माँ ललिता फाउंडेशन के संस्थापक संचालक ममता गर्ग, पं.धीरेन्द्र गर्ग, संतोष दुबे, पं. रामभजन शास्त्री, पं.संदीप शास्त्री,पं.सतीश, पं.अनमोल उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता राजेश श्रीवास्तव बने राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग मंत्री

**जबलपुर, नवभारत।** राष्ट्रीय बजरंग दल की महाकौशल प्रांत बैठक में संगठन के विस्तार हेतु महत्वपूर्ण घोषणा कीगई। हिंदू हेल्थ लाइन के राष्ट्रीय मंत्री डॉ. एल.बी. सिंह चंदेल (बेटू भैया) की गरिमामयी उपस्थिति में अधिवक्ताराजेश श्रीवास्तव 'सोनू' को राष्ट्रीय बजरंग दल जबलपुर विभाग का विभाग मंत्री नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रांत मंत्री अर्पित सिंह ठाकुर की अनुशंसा पर प्रांत अध्यक्ष अभिषेक मालू द्वारा की गई। नवनियुक्तविभाग मंत्री राजेश श्रीवास्तव अब संगठन की मजबूती और हिंदुत्व के कार्यों हेतु जबलपुर महानगर, जबलपुरग्रामीण और नरसिंहपुर जिले का नेतृत्व करेंगे।

# कचहरी वाले बाबा के आस्ताने पर परचम कुशाई



**नवभारत,जबलपुर ।** मप्र उच्च न्यायालय के सामने स्थित हज़रत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती कचहरी वाले बाबारहमतुल्ला अलैह के आस्ताने पर रविवार को मगरिब की नमाज़ के बाद परचम कुशाई का आयोजन अकीदत औरमोहब्बत के साथ किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में जायरीन और अकीदतमंद मौजूद रहे।

कार्यक्रम की सरपरस्ती सज्जादानशीन बाबर खां बंदानवाजी एवं खादिम-ए-आला चंगेज खान अशरफी ने की, जबकि हज़रत वकील अहमद खलीली, शफीपुर शरीफ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान मजारशरीफ पर गुलपोशी और चादरपोशी की गई, जिसके बाद परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। रस्म के उपरांतनज़र-ओ-नियाज़ पेश की गई और तबर्रुक का तकसीम किया गया। आयोजन में इफ्तिखार अली, अब्दुल कदीर, अब्दुल हकीम बाबा, नईम, राजेन्द्र पटेल, नरेश मलिक, प्रतीक तिवारी, मनीष अग्रवाल, सरदार टीटू जग्गी, विक्की भाई सहित विभिन्न समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कौमी एकता व भाईचारे का संदेश दिया।

### उर्स की तैयारियां शुरू

खादिम-ए-आला चंगेज खान अशरफी ने बताया कि परचम कुशाई के साथ ही कचहरी वाले बाबा के उर्स शरीफ की तैयारियां शुरू हो गई हैं। उन्होंने जानकारी दी कि चांद के ऐलान होने पर आगामी 8 या 9 मई से बाबा साहबका पांच दिवसीय उर्स शरीफ आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं।

सम्मान | विनय अनिता जैन को प्लेटिनम ऑफ द ईयर अवार्ड से किया गया सम्मानित

# सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष अवॉर्ड से सम्मानित हुए मुल्कराज बादशा



**नवभारत,जबलपुर।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के चांदखेडी में आयोजित 30 वें राष्ट्रीय अधिवेशन समारोह के 'मंडप उद्घाटनकर्ता' मुल्कराज-अंजलि सिंघई बादशा, निवर्तमान अध्यक्ष जबलपुर मेन ग्रुप को वर्ष 2025 हेतु देश के सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का सम्मान पदक मिला इस अधिवेशन में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप मेन जबलपुर को विभिन्न गतिविधियों के लिए कुल 13 अवार्ड से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ सदस्य विनय अनिता जैन, राष्ट्रीय महासचिव को फैडरेशन द्वारा अध्यक्षीय अवार्ड 'प्लेटिनम आफ द ईयर' अवार्ड से सम्मानित किया गया। ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष प्रशांत प्रियांशी, राष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव को फैडरेशन द्वारा अध्यक्षीय अवार्ड 'ज्वेल आफ द ईयर' से सम्मानित किया गया। ग्रुप मेन जबलपुर को सर्वश्रेष्ठ पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, सर्वाधिक वृक्षारोपण कार्य में प्रथम स्थान तथा स्क्रेप बुक अवार्ड में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर अवार्ड प्रदान किया गया। अधिवेशन 2026 स्मारिका चंद्रोदय घोष के सम्पादन एवं प्रकाशन का दायित्व जबलपुर मेन ग्रुप को मिला था, जिसे बखूबी निभाने हेतु प्रधान संपादक प्रशांत प्रियांशी जैन एवं संपादकगण गोपाल-अर्चना जैन, विकास-शिखा जैन, संजय 'सम्यक'-आभा जैन, यतीश-ज्योति जैन एवं अंजुल-स्वाति जैन को सम्मान-पदक मिले राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी ने अपने संबोधन में कहा कि सम्पादक मंडल के परिश्रम, सृजनशीलता एवं उत्कृष्ट समन्वय ने इस स्मारिका को अत्यंत सुव्यवस्थित व निर्दोष मुद्रण के साथ, आकर्षक, ज्ञानवर्धक एवं संग्रहणीय बना दिया।

### इनकी रही उपस्थिति

जबलपुर मेन ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य विनय-अनिता जैन को वर्ष 2026 के लिए पुनः दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के 'राष्ट्रीय महासचिव' पद पर मनोनीत किया गया। यह घोषणा फेडरेशन की संरक्षिका पुष्पा प्रदीप सिंह कासलीवाल की अनुशंसा पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष हँसमुख गांधी द्वारा अधिवेशन के मंच से, मुख्य अतिथि प्रदीप जैन 'आदित्य' (पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार) एवं विशिष्ट अतिथि हुकुमचंद जैन 'काका' (अध्यक्ष, चांदखेड़ी तीर्थ क्षेत्र) की गरिमामयी उपस्थिति में की गई।

# मेदांता गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को देता है नई उम्मीद

**नवभारत,जबलपुर।** डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि सुनीता एक मरीज़ को क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीजथी, और उन्होंने फेफड़े के प्रत्यारोपण की सलाह दी, जिसमें क्षतिग्रस्त फेफड़े को स्वस्थ फेफड़े से बदल दिया जाताहै। लेकिन मेदांता द मेडिसिटी, जिसे न्यूज़वीक ने 2026 में भारत का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल बताया था, में एकनवीनतम इंस्टिट्यूट ऑफ़ लंग ट्रांसप्लांटेशन है, जिसमें चेस्ट सर्जनों की एक मल्टीडिसिप्लिनरी टीम है। मेदांता केइंस्टिट्यूट ऑफ़ चेस्ट सर्जरी के चेयरमैन डॉ. अरविंद कुमार की नेतृत्व में, टीम एक मल्टीमॉडल अप्रोच अपनाती हैजो मरीज़ को शुरुआती असेसमेंट से लेकर पोस्ट-ट्रांसप्लांट ट्रीटमेंट और रिहैबिलिटेशन तक पूरी देखभाल देती है। इसमें फेफड़ों का ट्रांसप्लांट अक्सर उन लोगों के लिए आखिरी विकल्प होता है जो फेफड़ों की आखिरी स्टेज कीबीमारियों, जैसे कि बहुत गंभीर इंटरस्टीशियल लंग डिजीज, सिस्टिक फाइब्रोसिस, या पल्मोनरी आर्टेरियलहाइपरटेंशन से पीड़ित होते हैं।

### ऑक्सीजन का स्तर नहीं बना पाते

ये वे मरीज़ होते हैं जिनके फेफड़े अब सामान्य जीवन जीने में मदद नहीं कर पाते। मेदांता के इंस्टीट्यूट ऑफ चेस्टसर्जरी के चेयरमैन डॉ. अरविंद कुमार ने कहा, फेफड़ों की आखिरी स्टेज की बीमारी एक ऐसी मेडिकल स्थिति हैजिसमें व्यक्ति के फेफड़े इस हद तक खराब हो जाते हैं कि वे शरीर में ऑक्सीजन का सामान्य स्तर बनाए नहीं रखपाते। इसका मतलब है कि फेफड़े अपने काम करने की आखिरी स्टेज पर पहुँच चुके होते हैं और अब उनका कोईमेडिकल इलाज या उपाय उपलब्ध नहीं होता। ठीक इसी स्थिति में फेफड़ों का ट्रांसप्लांट ही आज के समय मेंउपलब्ध एकमात्र विकल्प बन जाता है।